श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

"पक्का मकान का सपना था अधूरा, सरकार ने किया पूरा"

श्रीमती शीला देवी, पति श्री जितेन्द्र सिंह नगर परिषद, मिहिजाम के वार्ड सं. 5 के बजरापाड़ा में पिछले 25 वर्षा से निवास करती आ रही हैं। इनके पति श्री जितेन्द्र सिंह पेशे से एक प्राइवेट शिक्षक हैं और इसी से हुई कमाई से वे अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ मिलने के पूर्व इनके पास खुद का एक कच्चा मकान था। इस घर में परिवार के सभी परिवार के छह सदस्यों को एक साथ रहने में काफी परेशानी होती थी। इनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी, जिसके कारण वे अपना मकान बनाने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। ऐसे ही समय में इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में जानकारी मिली, जिसके लिए उन्होंने आवेदन भरा और अंततरू लाभुक के रूप में उनका चयन भी हो गया। देखते ही देखते मात्र सात महीने के अंतराल में उनका अपना पक्के का मकान तैयार हो गया। अब इस नए मकान में वे अपने पूरे परिवार के साथ पूरी शांति व सुकून से रह रहे हैं। इसके लिए उनके परिवार के सभी सदस्यों ने केंद्र व राज्य सरकार तथा नगर परिषद के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है।